Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding menance caused by monkeys in Agricultrue sector in Telangana and other parts of the country.

श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी (मेडक): सभापति जी, बंदरों से संबंधित मुद्दा बहुत पुराना है । सदन में कई बार बंदरों के बारे में डिस्कशन हो चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है । हम जब क्षेत्र में जाते हैं, तो खेती-बाड़ी करने वाले लोग हमारे पास यही समस्या लेकर आते हैं कि हमारे गांव में बंदरों की बहुत समस्या है । पूरे एग्रीकल्चर सैक्टर में यह बहुत बड़ा इश्यू है । जहां भी खेती होती है, वहां बंदरों की समस्या जरूर होती है और इसे इंश्योरेंस में भी कवर नहीं किया जाता है।

हर गांव में जंगल की लकड़ी को काटकर उनका सत्यानाश कर दिया गया है, जिसके कारण बंदर गांवों के अंदर आ रहे हैं । किसानों को बंदरों से बचाना केंद्र सरकार और राज्य सरकार का फर्ज है । कई बार पार्लियामेंट हाउस में इस पर डिस्कशन हुआ है । अत: इसके बारे में सोचना अत्यंत जरूरी है ।